# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कोल इंडिया कर्मियों के बोनस पर बनी सहमति, मिलेंगे एक लाख तीन हजार रुपये, झारखंड के 72 हजार कर्मचारियों को मिलेगा लाभ।**
2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक, एसआईआर को लेकर दिये कई निर्देश।**
3. **हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई, रांची के कारोबारी को पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार।**
4. **राज्य में एक अक्तूबर तक बारिश से नहीं मिलेगी राहत, मौसम विभाग ने अगले चार दिन दोपहर बाद बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान।**
5. **तीन दिवसीय राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गये दस मैच, अंडर 17 में रांची, गिरिडीह, कोडरमा, साहिबगंज और हजारीबाग ने दर्ज की जीत।**

********************

कोल इंडिया कर्मियों को दुर्गापूजा पर रिकार्ड एक लाख तीन हजार रुपये बोनस मिलेगा। कल कोलकाता में कोल इंडिया मानकीकरण समिति की देर रात तक चली बैठक में मैनेजमेंट और यूनियनों के बीच बोनस पर सहमति बनी। आज ही कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत लगभग सवा दो लाख कर्मियों को बोनस का भुगतान किया जायेगा। झारखंड के 72 हजार कोयलाकर्मियों भी इसका लाभ मिलेगा।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, एसआईआर चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी समय से पुनरीक्षण पूर्व की गतिविधियां पूरी करें। निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिये।

********************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसीबी हजारीबाग की टीम ने वन भूमि घोटाला मामले में कारोबारी विनय सिंह को पूछताछ के बाद रांची से गिरफ्तार कर लिया। विनय सिंह रांची के आनंदपुर स्थित स्ट्रीट नंबर तीन में रहते हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश के तहत गैर मजरूआ खास व जंगल–झाड़ी किस्म की भूमि की अवैध जमाबंदी कराई।

********************

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कल शाम बोकारो जिले में भाजपा की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य वक्ता के रुप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की।

********************

भाजपा ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि यह सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल है।

श्री दास के आरोप पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि श्री दास ने अपने कार्यकाल में रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया।

********************

हजारीबाग में पुलिस ने 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक का चोरी का सोना बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अंजनि अंजन ने इसे पुलिस की बड़ी उपलब्धि बताया है।

हजारीबाग में पुलिस ने एक एम्बुलेंस भी जब्त किया है। इस एम्बुलेंस के जरिये मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने इस एम्बुलेंस से करीब 40 किलो डोडा बरामद किया है।

********************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों को कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं।

********************

दुमका जिले के लोग इस त्योहारी मौसम में दोहरे उत्सव का आनंद ले रहे हैं। ज्यादा जानकारी दे रहे हैं

********************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब का क्षेत्र एक बार फिर एक्टिव हो गया है। इसका असर झारखंड पर भी दिखेगा। मौसम विभाग ने आज से एक अक्टूबर तक कई क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

********************

खेलो झारखंड के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन कुल दस मैच खेले गये। अंडर–17 बालक वर्ग में रांची, गिरिडीह, कोडरमा, साहिबगंज और हजारीबाग ने अपने–अपने मैच जीत लिये। अंडर–19 बालक वर्ग में सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका, देवघर, धनबाद और जामताड़ा ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कोल इंडिया कर्मियो के लिए बोनस की घोषणा की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– दुर्गोत्सवः रांची में बूटी मोड़ व जिला स्कूल के पंडालों के पट खुले, मां ने दिये दर्शन।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– हाईकोर्ट ने पीसीसीएफ के वेतन पर लगायी रोक।

**प्रभात खबर** लिखता है– अग्नि–प्राइम मिसाइलः चलती ट्रेन से दुश्मन पर बरसेगा कहर।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– करों का बोझ और घटेगा।

******समाप्त*******